हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

12 हरिभूमि, आईएनएच और सर्व शक्ति सेवा ...



13 महाराज अग्रसेन के जयघोष के साथ निकली ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्घकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

पहले 26 सितंबर फिर 10 दिसंबर को बना दूसरा प्रमाण पत्र हुआ जारी

मृत कर्मचारी के नाम पर दो मृत्यु प्रमाण पत्र भिलाई निगम में कथित फर्जीवाड़े से मचा हड़कंप

एक पक्ष ने जिला अस्पताल और दूसरे ने घर में मौत का किया दावा

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। निगम के एक कर्मचारी की मौत के बाद कथित तौर पर दो अलग-अलग तिथियों में दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। मामला तब सामने आया, जब मृतक के पुत्र ने अनुकंपा नियुक्ति और मृत्यु के बाद मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया। इसके बाद दस्तावेजों की पड़ताल में अलग-अलग दावेदारों और मृत्यु प्रमाण पत्रों का मामला सामने आया। शिकायतकर्ता ने इस पूरे प्रकरण में कथित फर्जीवाड़े की आशंका जताते हुए कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से शिकायत की है। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर एक ही व्यक्ति के नाम पर दो मृत्यु प्रमाण पत्र कैसे जारी हुए और इसके पीछे किन लोगों की भूमिका रही।

जानकारी के अनुसार नगर निगम के जोन-3 में कार्यरत कर्मचारी सीएच अप्पा राव खुर्सीपार के वार्ड-45, स्ट्रीट-54 के निवासी थे। उनका निधन 11 सितंबर 2025 को जिला अस्पताल दुर्ग में हुआ था। इसके बाद उनके पुत्र चन्ना राजेश ने अनुकंपा नियुक्ति और नियमानुसार मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया। इसी प्रक्रिया के दौरान चन्ना राजेश को जानकारी मिली कि विशाखापट्टनम निवासी चन्ना सत्यावती और चन्ना नरसिंह मूर्ति ने भी मृतक की पत्नी और पुत्र होने का दावा करते हुए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इस जानकारी के बाद उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए। दस्तावेज सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया। चन्ना राजेश के अनुसार, आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों में उनके पिता के नाम पर जारी दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र भी शामिल था। उनका कहना है कि पिता का पहला मृत्यु प्रमाण पत्र 26 सितंबर 2025 को जारी हुआ था, जबकि दूसरा प्रमाण पत्र 10 दिसंबर 2025 को जारी किया गया। दोनों दस्तावेजों में मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर भी अंतर बताया गया है। चन्ना राजेश के अनुसार उनके पिता का निधन जिला अस्पताल दुर्ग में हुआ था, जबकि दूसरे आवेदन में मृत्यु घर पर होने का उल्लेख किया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि मृत्यु से संबंधित जानकारी और दस्तावेजों का सत्यापन किस आधार पर किया गया। राजेश ने बताया कि उनकी मां कैंसर पेशेंट है। अपने हक के लिए बार-बार उन्हें भी निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



मृतक-सीएच अप्पा राव



खुर्सीपार निवासी मृतक के पुत्र चन्ना राजेश, कैंसर पीड़ित पत्नी सीएच नागमणी व अन्य।

रामनगर मुक्तिधाम की रसीद से लेकर पार्षद के लेटरहेड तक की कड़ी

दूसरे मृत्यु प्रमाण पत्र को जारी कराने के लिए अलग-अलग दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। चन्ना के मुताबिक, विशाखापट्टनम के संबंधित लोगों ने 12 सितंबर 2025 को रामनगर मुक्तिधाम से रसीद की प्रति प्राप्त की। इसके बाद 27 नवंबर 2025 को वार्ड -38 के पार्षद पीयूष मिश्रा के लेटरहेड पर कथित तौर पर यह लिखवाया गया कि सीएच अप्पा राव का निधन सड़क क्रमांक-15, वार्ड-38 स्थित एक मकान में हुआ था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी दस्तावेज के आधार पर नगर निगम में दूसरे मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया और 10 दिसंबर 2025 को प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।

लेटरहेड पर वार्ड-38, प्रमाण पत्र में वार्ड-45 का पता

इस पूरे मामले में पते को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। वार्ड 38 के पार्षद पीयूष मिश्रा के लेटरहेड पर मृतक का पता सड़क क्रमांक-15, वार्ड-38 बताया गया, जबकि दूसरे मृत्यु प्रमाण पत्र में पता वार्ड -45 दर्ज है। वार्ड-45 के पार्षद पी श्याम सुंदर राव हैं। शिकायतकर्ता का सवाल है कि जब दस्तावेजों में पते और मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर अंतर था, तो संबंधित आवेदन का सत्यापन किस स्तर पर किया गया। मामले का खुलासा होने के बाद चन्ना राजेश ने कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से शिकायत कर कथित फर्जीवाड़े की जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता के नाम पर दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र गलत तरीके से जारी कराया गया।





मामला न्यायालय में विचाराधीन

सीएच अप्पा राव निगम के कर्मचारी थे। उनके नाम से दो मृत्यु प्रमाण जारी होने की जानकारी मिली है। दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। मामला तहसील न्यायालय भिलाई में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-**जावेद अली,** प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ननिमि

जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

दोनों पक्षा के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जो भी गलत तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बरवाएं हैं, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-**सुरूचि सिंह,** आयुक्त ननिमि

फर्जी चुनाव अधिकारी बताकर डीजीएम से 6.25 लाख की ठगी

भिलाई तीन पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फर्जी चुनाव अधिकारी बनकर डीजीएम से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत भिलाई तीन पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि विकास सहगल लायड्स नामक कंपनी में डीजीएम पद पर है। 9 अक्टूबर को भिलाई-3 पुलिस के नाम लिखित शिकायत भी किया है। जिसमें बताया गया है कि अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को चुनाव अधिकारी बनकर एसआईआर का झांसा देकर पीड़ित को पहले वाट्सअप कॉलिंग किया गया। पीड़ित के पिता का नाम गलत होने की जानकारी देकर सुधारने के लिए पहले एक लिंक भेजा फिर फार्म भरने को कहा गया है। उसके बाद विकास के बैंक खाते से 6.25 लाख रुपए गायब हो गया। शिकायत ऑनलाइन शिकायत किया गया है। पुलिस आरोपी की पहचान, ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर और 6.25 लाख रुपए के लेनदेन की जांच शुरु कर दिया है। पीड़ित का बैंक रिकॉर्ड में रकम के लेनदेन का तरीका आईएमपीएस दर्ज है। रिकॉर्ड में इन्फीबीम एवेन्यूज लिमिटेड, सीसी एवेन्यू के नाम भी सामने आए हैं। ये नाम भुगतान से जुड़े रिकॉर्ड में दर्ज हैं। फिलहाल उपलब्ध जानकारी से यह स्पष्ट नहीं है कि पूरी रकम किस खाते में पहुंची और कंपनियों की भूमिका क्या रही।

मकान में चोरी, तीन गिरफ्तार

भिलाई। सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सामान पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम डुण्डेरा कचरु नगर उतई निवासी सदीश कुमार ने शिकायत किया था कि छोटे भाई आनंदु सुकुमारन का मकान लंबे समय से बंद था। भाई काम के सिलसिले में विदेश में हैं उनका परिवार दूसरे जगह पर निवासरत है। मकान के पीछे रसोई का दरवाजा खुला हुआ है। मौके पर पहुंचकर देखने पर दरवाजा टूटा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से कई इलेक्ट्रानिक सामान, मोबाइल समेत कई सामान गायब मिले। जिसकी कीमत 1.60 लाख



रुपए आंकी गई है। उतई पुलिस ने शिकायत के जांच शुरु किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर निवासी कचरू नगर, ग्राम डुण्डेरा निवासी राहुल धनकर, दुरपत धनकर, रिसाली बस्ती रवि कुमार यादव बताया है। दो अपचारी बालक को भी पुलिस ने पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने घरेलू इलेक्ट्रानिक समान, सोने के जेवरात और नगदी 58 हजार 500 रुपए जब्त किया। मामले में पुलिस ने अजय धनकर, विनोद देवांगन की तलाश कर रही है। जांच जारी है।





शक्ति स्वरूपा माँ नवदुर्गा को शत्-शत् नमन...

भारतवर्ष में देवी माँ की आराधना का एक अनूठा रूप है नवरात्रि। यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और शक्ति-पूजा की जीवंत धरोहर भी है। माँ दुर्गा को शक्ति स्वरूपा कहा जाता है, क्योंकि वे संपूर्ण ब्रह्मांड की शक्ति का प्रत्यक्ष स्वरूप हैं। जब-जब अधर्म बढ़ा, तब-तब माँ ने नवदुर्गा के रूपों में अवतरित होकर धर्म की रक्षा की और असुरों का संहार किया।

नवदुर्गा के नौ स्वरूप

नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। प्रत्येक स्वरूप का अपना विशेष महत्व और संदेश है:

माँ शैलपुत्री - हिमालय पुत्री, दृढ़ संकल्प और भक्ति की प्रतीक।

माँ ब्रह्मचारिणी - तपस्या और साधना की देवी, संयम व ज्ञान का स्वरूप।

माँ चंद्रघंटा -शांति और साहस का प्रतीक, जिनकी पूजा से भय दूर होता है।

माँ कूष्मांडा - ब्रह्मांड की सर्जक, ऊर्जा और आरोग्य प्रदान करने वाली।

माँ स्कंदमाता -मातृत्व और करुणा का प्रतीक, भक्तों को संतानों का सुख देती हैं।

माँ कात्यायनी - वीरता और विजय की देवी, जिनकी कृपा से विवाह संबंधी बाधाएँ दूर होती हैं।

माँ कालरात्रि -अज्ञान और भय का नाश करने वाली, असीम शक्ति का स्वरूप।

माँ महागौरी -शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक, जीवन में शांति और सुख लाती हैं।

माँ सिद्धिदात्री - सिद्धियों और परिपूर्णता की देवी, भक्तों को दिव्य शक्ति और ज्ञान देती हैं।

नवदुर्गा की आराधना का संदेश

नवदुर्गा केवल पूजनीय देवियाँ नहीं हैं, बल्कि वे जीवन जीने की प्रेरणा भी देती हैं। शैलपुत्री हमें दृढ़ता सिखाती हैं। ब्रह्मचारिणी तपस्या और संयम का महत्व बताती हैं। चंद्रघंटा भय के बीच भी साहस बनाए रखने की प्रेरणा देती हैं।



















कालरात्रि बताती हैं कि अंधकार कितना भी गहरा हो, प्रकाश का मार्ग हमेशा मौजूद रहता है। इस प्रकार, माँ नवदुर्गा की उपासना हमें यह सिखाती है कि जीवन की हर कठिनाई से लड़ने के लिए हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा।

नवरात्रि और शक्ति साधना

नवरात्रि में उपवास, भजन-कीर्तन, गरबा और डांडिया केवल उत्सव नहीं, बल्कि शक्ति साधना का माध्यम हैं। व्रत रखने से शरीर शुद्ध होता है, भक्ति से आत्मा शुद्ध होती है और सामूहिक अनुष्ठान से समाज में एकता और ऊर्जा का संचार होता है।

सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व

नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव भी है।

गुजरात का गरबा,
महाराष्ट्र का घटस्थापना,
बंगाल की दुर्गा पूजा,
और उत्तर भारत का रामलीला– ये सब नवरात्रि की विविधता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि को दर्शाते हैं।

शक्ति स्वरूपा माँ नवदुर्गा को शत-शत नमन करते हुए यही कहना उचित होगा कि
माँ हमें शक्ति दें, ताकि हम बुराइयों का सामना कर सकें, माँ हमें ज्ञान दें, ताकि हम सही मार्ग पर चल सकें, और माँ हमें करुणा दें, ताकि हम दूसरों के जीवन में सुख और शांति ला सकें।

मातृ शक्ति को नमन...

नवरात्रि केवल शक्ति की आराधना का पर्व नहीं, नारी सम्मान का संदेश भी है। नारी में ममता, साहस, करुणा और संघर्ष की अद्भुत शक्ति समाई है। वह परिवार की नींव होने के साथ समाज की दिशा तय करने वाली शक्ति भी है। हर बेटी को शिक्षा, हर महिला को सम्मान और हर नारी को समान अवसर मिलना चाहिए। नारी की आत्मनिर्भरता ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की पहचान है। उसके सपनों को पंख देना ही सच्चे अर्थों में शक्ति की पूजा है। आइए, इस नवरात्रि नारी के सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान का संकल्प लें।

श्रीमती स्वीटी कौशिक
महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष
भाजपा, भिलाई

मातृ शक्ति को नमन...

नवरात्रि महिलाओं की शक्ति, साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है। यह पर्व हमें माँ दुर्गा की तरह हर परिस्थिति में निर्भीक बनने की प्रेरणा देता है। नारी सिर्फ स्नेह और ममता ही नहीं, बल्कि संघर्ष और संकल्प की भी पहचान है। नवरात्रि का संदेश है कि हर महिला अपने भीतर छुपी शक्ति को पहचाने। सच्चा उत्सव तभी है जब समाज हर नारी को सम्मान और समान अधिकार दे।

डॉ. हंसा शुक्ला
प्रिंसिपल
स्वामी स्वरुपानंद महाविद्यालय
Amdi Nagar, Hudco, Bhilai, Mob. : 94358-36474, 94062-98002

मातृ शक्ति को नमन...

नवरात्रि केवल उत्सव नहीं, शक्ति की पहचान है, नारी के साहस और स्वाभिमान का सम्मान है। वह तूफानों में भी उम्मीद जगाती है, हर मुश्किल को अपने हौसलों से हराती है। उसके सपनों को कभी कमजोर न समझें, उसकी उड़ान पर सीमाओं के पहरे न रखें। आइए, हर नारी को आत्मनिर्भर बनाएं, उसके उज्ज्वल भविष्य की राह सजाएं।

8889958883
सुप्रायू मंडल
डायरेक्टर
SUN VALLEY
ENGLISH MEDIUM SCHOOL
SIRSA ROAD, CHADNI CHOWK, KOHKA, BHILAI
KOHKA MANGAL MARKET, PURANI BASTI, BHILAI

मातृ शक्ति को नमन...

मां दुर्गा की ज्योति से
जगमगाये संसार।
नवरात्रि में मिले सबको
शक्ति का उपहार।
भक्ति में लीन हो जाए
हर -मन हर -तन।
मां की चरणों में मिले
सुख शांति अपार।

मिथिला खिचरिया
भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य

मातृ शक्ति को नमन...

मातृ शक्ति को नमन, नारी शक्ति को वंदन, हर नारी में बसता है सृजन और साहस का स्पंदन। नवरात्रि का पर्व हमें सम्मान का संदेश देता है, नारी के हर स्वरूप में शक्ति का आभास देता है। वह ममता है, वह करुणा है, वह साहस की पहचान है, उसके कदमों से ही रोशन हर घर-आंगन और जहान है। आइए, नारी के सम्मान का संकल्प आज उठाएं, हर बेटी, हर मां, हर बहन को गर्व से गले लगाएं।

रत्ना नारमदेव
वरिष्ठ समाज सेविका, दुर्ग

मातृशक्ति को नमन...

शास्त्रों में उस भगवान शिव की शक्ति अथवा शिवभक्ति कहा गया है।

आज की नारी पुरुषों से किसी मामले में पीछे नहीं है। एक समय था जब नारी को #अबलारे कहकर पुकारा जाता था और संन्यासी लोग उसे #नर्क का द्वारे कहकर तथा अभिमानी गृहस्थ पुरुष उसे अपने #पैरों की जूती कहकर ठुकराया करते थे लेकिन अब समय बदल गया है।

डॉ. स्मिता सक्सेना
मनसा कॉलेज
कुरूद रोड, कोहका

मातृ शक्ति को नमन...

नौ रूपों में शक्ति का पावन संदेश है, नारी के हर रूप में जीवन का विशेष परिवेश है। कभी मां बनकर ममता की छांव देती है, कभी बेटी बनकर खुशियों के रंग भरती है। कभी बहन बनकर विश्वास का साथ निभाती है, कभी कर्मभूमि में नई पहचान बनाती है। इस नवरात्रि नारी के हर रूप का सम्मान करें, उसकी शक्ति और स्वाभिमान का गुणगान करें।

श्रीमती निधि चन्द्राकर
डायरेक्टर छत्तीसगढ़ उड़ान
बोर्ड ऑफ डायरेक्टर
उपाध्यक्ष, दुर्ग श्री साथी बाजार
राष्ट्रीय सचिव, एमजेएम, दिल्ली

मातृ शक्ति को नमन...

नौ दुर्गा, नौ शक्ति, नौ रूपों में हुंकार है, नारी के हर स्वरूप में छिपा सृष्टि का आधार है।

जो ठान ले, वो पर्वत चीरकर राह बनाती है, माँ दुर्गा की शक्ति है नारी—जो हर युग में इतिहास बनाती है!

जय माता दी!

Dr. Aarti Choudhary
BHMS/CCH/CGO
(Regd. No. : 1596)

CONTACT
9993417906

CHOUDHARYA'S MULTISPECIALITY CENTER
COSMETOLOGY, TRICHOLOGY & WEIGHTT LOSS CENTER
Consultant Homoeopath
Specialist in Treating all acute & Chronic Diseases of Female & Childrens
Choudhary's Multi Speciality Centre : Soop No-9, Sector-6, 'A' Market, Bhilai (CG)

मातृ शक्ति को नमन...

नवरात्रि का हर दिन नारी शक्ति का सम्मान बने, हर बेटी के सपनों को नई उड़ान मिले। नारी ही सृजन है, नारी ही संसार है, उसके साहस से ही जीवन में बहार है। वह कठिन राहों में भी हौसलों की मशाल है, उसकी उपलब्धियों से रोशन हर मिसाल है। आइए, भेदभाव मिटाकर समानता का दीप जलाएं, नारी के अधिकारों और सपनों का मान बढ़ाएं।

श्रीमती आशा सुब्बा
समाजसेवी, भाजपा

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर


न्यु
ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

एसएसपी विजय अग्रवाल ने अधिकारियों की ली बैठक, दिए दिशा निर्देश

नवरात्रि में ट्रैफिक संभालने पुलिस अलर्ट नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

धार्मिक स्थलों और बाजारों में अतिरिक्त निगरानी के निर्देश, नाबालिग ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाने और तेज रफ्तार पर होगी कार्रवाई

नवरात्रि और आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए दुर्ग यातायात पुलिस ने यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। यातायात मुख्यालय नेहरू नगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यातायात विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में धार्मिक स्थलों, प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले के दुर्घटना संभावित और बार-बार सड़क हादसे वाले स्थानों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए। ऐसे स्थानों पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने पर जोर दिया गया, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। नवरात्रि के दौरान धार्मिक स्थलों, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण के लिए आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त पुलिस बल और चेकिंग



प्वाइंट लगाने के निर्देश दिए गए। पुलिस को इन क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखने के लिए कहा गया है।

बैठक में प्रवर्तन कार्रवाई के साथ आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करने तथा नशे में वाहन नहीं चलाने का संदेश देने के निर्देश दिए गए।

नाबालिग और नशे में ड्राइविंग पर सख्ती

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, शराब पीकर ड्राइविंग, तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने और वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। दुर्ग पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नवरात्रि और त्योहारी सीजन के दौरान यातायात नियमों का पालन करें। नशे में या तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं, नाबालिगों को वाहन न दें और हेलमेट-सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करें। पुलिस ने सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात बनाए रखने में नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

नगर निगम भिलाई का स्वास्थ्य अमला की लापरवाही

आकाशगंगा परिसर सुपेला में दर्जनों सुअरों की मौत से लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दर्जन भर से अधिक सुअरों की मरने की खबर सामने आई है। घटना आकाश गंगा व्यावसायिक परिसर के पास ही है। मिली जानकारी के मुताबिक परिसर में एक के बाद एक दर्जन भर से अधिक सुअरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। मरे हुए जानवरों से उठ रही दुर्गंध के कारण पूरे इलाके में सांस लेना दूभर हो गया था। सूचना मिलने पर नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरे हुए सुअरों पर ब्लीचिंग पाउडर डालकर उन्हें दफनाया। लेकिन प्रशासन की यह कार्रवाई केवल लीपापोती तक सीमित नजर आ रही है। नगर निगम की ओर से मृत सुअरों का किसी भी प्रकार का चिकित्सा या फॉरेंसिक परीक्षण नहीं कराया गया। इसके चलते मौतों के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। जांच न होने की वजह से स्थानीय व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह जांच का विषय है कि सुअरों की मौत किसी ने जहर देकर की है या फिर यह किसी गंभीर संक्रामक बीमारी का नतीजा है। यदि यह स्वाइन फ्लू या किसी अन्य संक्रामक वायरस का प्रकोप है, तो यह पूरे शहर के जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है।



परिसर में गहन फॉगिंग और सैनिटाइजेशन की मांग

आकाशगंगा परिसर से लगी रेल पटरी के पास पलने वाले इन सुअरों के मालिकों की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह संक्रमण का मामला है, तो इन बच्चों के जरिए बीमारी और तेजी से फैल सकती है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिक प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन व नगर निगम आयुक्त से मांग की है कि तत्काल पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम तैनात की जाए। बचे हुए सुअरों की जांच की जाए और संपूर्ण परिसर में गहन फॉगिंग व सैनिटाइजेशन कराया जाए ताकि किसी भी संभावित महामारी को रोका जा सके।

म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

भिलाई। म्यूल खाता उपलब्ध कराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर, वार्ड 16, सुपेला निवासी मोहन राव को पुलिस ने पकड़ा है। मोहन म्यूल खाता साइबर ठगी के लिए उपलब्ध कराया करता था। गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से पुलिस को जानकारी मिली थी। ऑनलाइन साइबर ठगी के लिए 172 बंधन बैंक खातों का उपयोग किया गया है। उक्त खातों के माध्यम से अवैध रूप से धनराशि मिली। निरीक्षण करने पर बैंक कर्मियों के बयान दर्ज कर खाताधारकों की जानकारी जुटाई गई थी। मोहन राव को को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में पूर्व में 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वर्तमान गिरफ्तारी के बाद कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 26 हो गई है।

पदुमनगर में चेन स्नेचिंग, आरोपी युवक फरार

भिलाई। वृद्ध दंपत्ति से पता पूछने के बहाने चेन स्नेचिंग करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन पुलिस थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि एस. मुरली मोहन 75 वर्ष निजी कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मी हैं। वे अपनी पत्नी एस. माधवी के साथ 8 अक्टूबर को पद्मनगर स्थित शिव मंदिर के पास एक कपड़े की दुकान से कपड़े खरीदकर घर लौट रहे थे। तभी सफेद रंग की एक्टिवा पर सवार दो युवक उनके सामने पहुंचे। तभी दोनों युवक ने वृद्ध की पत्नी के गले में पहना मंगलसूत्र झपट लिया और मौके से फरार हो गए।

महिला व बाल विकास विभाग कार्यालय में मारपीट करने वाला आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि टंकी मरोदा नेवई निवासी हनु नायक नामक युवक ने उक्त कार्यालय में घुसकर महिला के साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। हनु ने महिला को झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में काउंसलिंग के दौरान मारपीट धक्का-मुक्की की घटना को हनु ने अंजाम दिया है। जिसकी वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सिविल लाइन, कसारीडीह, दुर्ग निवासी चंद्रप्रकाश पटेल परियोजना समन्वयक है। विभाग द्वारा भिक्षावृत्ति में शामिल बच्चों को संरक्षण, सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आवश्यक कार्यवाही की जाती है। इसी को लेकर नेहरू नगर चौक पर 15 वर्षीय बालिका को कार के कांच को

- सोशल मीडिया में वीडियो हो रहा वायरल

साफ करते हुए पाया गया। इसके बाद बालिका एवं उसकी मां गोलू बाई को बुलाकर काउंसलिंग की जा रही थी। तभी आरोपी हनु नायक उर्फ हनुमान ने कथित रूप से महिला एवं विभागीय कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट की। शिकायत में पुलिस ने धारा 221, 121(2), 132, 296, 115(2) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज किया है।

एबीसी आईडी के बिना नहीं भर सकेंगे ऑनलाइन फॉर्म


हेमचंद यादव विवि दुर्ग में विद्यार्थियों का नामांकन पोर्टल खुला, 17 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

19 तक कॉलेज में जमा करनी होगी हार्ड कॉपी

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय ने नामांकन के लिए पोर्टल खोल दिया है।

स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) के प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के साथ बीएड, बीएससी-बीएड और बीए-बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपना नामांकन करवाने के लिए 17 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस बार नामांकन के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी आईडी) अनिवार्य की गई है। इसके बिना विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे। ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद उसकी हार्ड कॉपी और जरूरी दस्तावेज 19 अक्टूबर तक संबंधित कॉलेज में जमा करने होंगे। कॉलेजों को दस्तावेजों का सत्यापन कर 23 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय भेजना होगा।



नियमित व प्राइवेट दोनों के लिए अनिवार्यता

विवि की नामांकन प्रक्रिया उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से जरूरी है, जो पहली बार नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश ले रहे हैं। इसके अलावा पहले स्वाध्यायी यानी प्राइवेट विद्यार्थी के रूप में पढ़ाई करने के बाद नियमित प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी नामांकन कराना होगा। हालांकि, विश्वविद्यालय में पहले से नियमित रूप से नामांकित विद्यार्थियों को दोबारा नामांकन कराने की आवश्यकता नहीं है।

पुरानी यूजर आईडी से ही कर सकेंगे लॉगिन

नामांकन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विद्यार्थियों को नई यूजर आईडी बनाने की जरूरत नहीं होगी। वे अपनी पुरानी यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन करते समय विद्यार्थियों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी और शैक्षणिक विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आवेदन से पहले एबीसी आईडी तैयार रखें, क्योंकि इसके बिना ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकेगी।

150 रुपए नामांकन शुल्क, बाहरी विद्यार्थियों को 510 रुपए

नामांकन के लिए सामान्य शुल्क 150 रुपए निर्धारित किया गया है। विद्यार्थी यूपीआई, नेट बैंकिंग या डेबिट-क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के बाहर के किसी बोर्ड या विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर आने वाले विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क के अतिरिक्त माइग्रेशन फीस भी देनी होगी। ऐसे विद्यार्थियों के लिए 150 रुपए नामांकन शुल्क और 360 रुपए माइग्रेशन फीस मिलाकर कुल 510 रुपए जमा करने होंगे।

माइग्रेशन फीस की रहेगी छूट

यूनिवर्सिटी ने छत्तीसगढ़ में स्थित स्कूल से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले सीबीएसई के विद्यार्थियों को माइग्रेशन फीस से छूट दी गई है। इससे उन्हें अतिरिक्त 360 रुपए जमा नहीं करने होंगे। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विद्यार्थियों को फॉर्म की हार्ड कॉपी के साथ जरूरी दस्तावेज कॉलेज में जमा करने होंगे। इनमें कक्षा 10वीं और 12वीं की अंकसूची, पिछली यूजी या पीजी कक्षा की सेमेस्टर अथवा वार्षिक अंकसूची और एबीसी आईडी की फोटोकॉपी शामिल है। छत्तीसगढ़ के बाहर के बोर्ड या विश्वविद्यालय से आने वाले विद्यार्थियों को मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र और पात्रता प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

शादी के बाद नाम बदलने वाली छात्राओं के लिए अलग व्यवस्था

विश्वविद्यालय ने विवाह के बाद नाम या उपनाम बदलने वाली छात्राओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की है। ऐसी छात्राओं को नाम में बदलाव दर्ज कराने के लिए विवाह प्रमाण-पत्र के साथ 180 रुपए अतिरिक्त शुल्क जमा करना होगा।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

भारत : ज्ञान की शाश्वत यात्रा में इतिहास, विज्ञान, साहित्य और संस्कृति का अनूठा संगम



भिलाई। भारत की गौरवशाली विरासत से लेकर आधुनिक विज्ञान और भविष्य की संभावनाओं तक की यात्रा रूंगटा पब्लिक स्कूल, भिलाई की शैक्षणिक प्रदर्शनी भारत ज्ञान की शाश्वत यात्रा में जीवंत हो उठी।

संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित विद्यालय में आयोजित इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने इतिहास, भारतीय संस्कृति, साहित्य, गणित, अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक भारत की उपलब्धियों को आकर्षक मॉडलों एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मौलिक विचारों और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों ने आयोजन को ज्ञान और नवाचार का मंच बना दिया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुर्ग के जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर और विशिष्ट अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुरुद के प्राचार्य के. रमेश कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य अरविंद जैन एवं चतुर्भुज राठी सहित संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन संजय रूंगटा, डायरेक्टर रजनी रूंगटा, डॉ. साकेत रूंगटा और हर्षा रूंगटा उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया गया। विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति सिंह ने स्वागत उद्बोधन में प्रदर्शनी की संकल्पना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अनुभवात्मक शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों की स्वागत नृत्य प्रस्तुति ने समारोह में उत्साह का माहौल बनाया। संजय रूंगटा ने कहा कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, स्वतंत्र चिंतन, आत्मविश्वास और नवाचार की भावना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की मेहनत, रचनात्मकता और विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए मॉडलों की सराहना की। मुख्य अतिथि जगजीत धीर ने विद्यार्थियों की शोधपरक सोच और अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने की क्षमता को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि कम उम्र में ही विद्यार्थियों में नए विचारों को सामने रखने और ज्ञान साझा करने की प्रवृत्ति विकसित होना महत्वपूर्ण है। प्रदर्शनी में भारतीय परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के माध्यम से भारत की विविधता, इतिहास, सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान की यात्रा प्रस्तुत की। प्राचीन सभ्यताओं, भौगोलिक विविधता, भारतीय ज्ञान परंपरा, गणित, अंतरिक्ष, साहित्य और आधुनिक तकनीक से जुड़े मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने अपने विषयों को रचनात्मक ढंग से समझाते हुए ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने का प्रयास किया।

लाइव इवेंट

युवाओं ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश, छात्र-छात्राओं ने उत्साह से लिया हिस्सा



भिलाई। सेवा सप्ताह के अंतर्गत एमजे कॉलेज परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लायंस क्लब भिलाई पिनाकल ने रेडक्रॉस सोसाइटी और एमजे कॉलेज के सहयोग से शिविर आयोजित कर युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने की पहल की। शिविर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई और रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प जताया।

डॉ. हेमंत बडवाईक विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल

भिलाई। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों में एक और कड़ी जुड़ गई जब फार्मेसी के प्राध्यापक डॉ. हेमंत रामचंद्र बडवाईक को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर के संयुक्त सहयोग से जारी विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की 2026 की प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है।



डॉ. बडवाईक का शोध कार्य पॉलिमर रसायन, प्राकृतिक उत्पाद रसायन तथा पॉलिमेरिक औषधि वितरण प्रणालियों के विकास जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। उन्होंने औषधि विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध योगदान दिया है। डॉ हेमंत बडवाइक की किताबें फार्मेसी के देशभर के विद्यार्थी पढ़ते हैं। डॉ. बडवाईक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय और पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है। शोध और नवाचार के प्रति डॉ. बडवाईक का समर्पण शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में उनकी पहचान युवा शोधकर्ताओं को उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए और अधिक प्रेरित करेगी। कुलपति डॉ. स्मिता सेलट ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह मध्य भारत में गुणवत्तापूर्ण शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय को स्थापित करती है। कुलसचिव डॉ वैभव तिवारी ने भी सराहना करते हुए बधाई दी है।

● ट्विनसिटी में चढ़ेगा गरबा का फीवर, आज से सजेगा माता का दरबार

हरिभूमि, आईएनएच और सर्व शक्ति सेवा समिति के संयुक्त आयोजन में होगी माता की आराधना

शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ ही आज से ट्विनसिटी में गरबा और डांडिया का रंग चढ़ने लगा है। मां की भक्ति, गुजराती लोकगीतों की धुन और डांडिया की खनक के बीच शहरवासी नौ दिनों तक उत्सव की उमंग में सराबोर होने के लिए तैयार हैं। इसी उत्साह को और खास बनाने के लिए हरिभूमि और आईएनएच की ओर से सर्व शक्ति सेवा समिति के सहयोग से दिलबर डांडिया व गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 11 से 19 अक्टूबर तक सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में चलने वाले इस महोत्सव में दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के शहरों के लोग परिवार और मित्रों के साथ शामिल हो सकेंगे। आयोजन को लेकर शहर में खासा उत्साह है।

भिलाई। हरिभूमि के इस आयोजन ने वर्षों से ट्विनसिटी में अपनी अलग पहचान बनाई है। हर साल बड़ी संख्या में लोग गरबा और डांडिया की धुन पर थिरकने पहुंचते हैं। इस बार भी महोत्सव को यादगार बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को शहर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य लोगों का सहयोग मिलता रहा है। नवरात्र के नौ दिनों में यहां भक्ति, लोकसंस्कृति, संगीत और मनोरंजन का अनूठा माहौल देखने को मिलेगा।पोस्टर विमोचन के साथ तैयारियों को मिली गति

महोत्सव के पोस्टर का विमोचन सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रेमप्रकाश पांडेय, लाइफ केयर के डायरेक्टर मनीष पारख और शकुंतला ग्रुप के संजय ओझा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान आयोजन की तैयारियों और शहरवासियों की सहभागिता को लेकर चर्चा हुई। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य लोगों को नवरात्र के दौरान ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे परिवार के साथ भारतीय संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और मां की आराधना



से जुड़ सकें।गरबा के स्टेप्स सीखकर नृत्य के लिए होंगे तैयार

महोत्सव में गरबा और डांडिया के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को तालियों की लय, पैरों की गति, हाथों की मुद्राओं और डांडिया की छड़ियों के तालमेल के साथ नृत्य के विभिन्न स्टेप्स सिखाए जाएंगे। इसमें दो ताली, तीन ताली और हिंच जैसे पारंपरिक स्टेप्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शुरुआती प्रतिभागियों से लेकर पहले से गरबा करने वाले लोगों तक को अपनी कला निखारने का अवसर मिलेगा। आयोजकों के अनुसार, प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं, युवतियों, पुरुषों और युवाओं को महोत्सव के लिए तैयार किया जाएगा।हर दिन मिलेगा उत्सव और उमंग का मौका

नौ दिवसीय आयोजन में पारंपरिक गुजराती गीतों के साथ मां की भक्ति से जुड़े गीतों पर गरबा और डांडिया होगा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी अपनी सुविधा के अनुसार उत्सव का हिस्सा बन सकेंगे। प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार भी रखे जाएंगे। आयोजकों ने ट्विनसिटी के लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ वेल्डेक्स ग्राउंड पहुंचें और हरिभूमि के गरबा महोत्सव की उमंग में शामिल हों। नवरात्र के इन नौ दिनों में सिविक सेंटर एक बार फिर भक्ति, संगीत और डांडिया की खनक से गुलजार होने जा रहा है। सर्व शक्ति सेवा समिति के प्रमुख जोनाथन जोना, अविनाश माहेश्वरी, श्याम सिंह, अंजय कुमार, ध्रुव पांडेय, रितेश यादव, विन्नु पांडेय, अंकित और विशाल आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है। आयोजन में शामिल होने हरिभूमि कार्यालय 0788-.4091720 और 9755819129 पर संपर्क किया जा सकता है।

हरिभूमि के गरबा महोत्सव का रहता है बेसब्री से इंतजार

सेक्टर 7 निवासी जया दूबे ने आयोजन के लिए कहा कि ट्विनसिटी में हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव अब शहर की नवरात्र परंपरा का खास हिस्सा बन चुका है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है मां की भक्ति, पारंपरिक गुजराती गीतों, रंग-बिरंगे परिधानों और डांडिया की खनक का अनूठा संगम। यहां बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग के लोगों को उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलता है। गरबा-डांडिया का प्रशिक्षण, परिवार के साथ उत्सव मनाने का माहौल और आकर्षक उपहार इस आयोजन को और खास बनाते हैं। यही वजह है कि ट्विनसिटी के लोग हर साल इस महोत्सव का बेसब्री से इंतजार करते हैं।



स्वतंत्रता सेनानी की स्मृति में रोपे पौधे, हरियाली के साथ नशामुक्ति और समृद्ध खेती का संदेश

भिलाई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पं. सीताराम शर्मा की स्मृति अब भटगांव की हरियाली में भी नजर आएगी। ग्राम भटगांव स्थित पं. सीताराम शर्मा स्मृति वाटिका में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। यहां अतिथियों और ग्रामीणों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में आईआईटी निदेशक राजीव प्रकाश, कुलसचिव सचिन मिश्रा और दुर्ग जनपद पंचायत के सीईओ प्रकाश मेश्राम मौजूद रहे। पौधरोपण के बाद आईआईटी निदेशक राजीव प्रकाश ने आयोजक पं. कृष्णमूर्ति शर्मा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्व. पं. सीताराम शर्मा से प्रेरणा लेकर पर्यावरण और समाज के लिए रचनात्मक काम करना अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधे केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़ी जाने वाली हरियाली की विरासत हैं।

राजीव प्रकाश ने ग्रामीणों से पारंपरिक खेती के साथ व्यावसायिक खेती को भी अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेती में नए प्रयोग और बेहतर



प्रबंधन से आमदनी बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने, भोजन में पौष्टिक चीजों को शामिल करने और समय का सही उपयोग करने की सलाह भी दी। जनपद सीईओ प्रकाश मेश्राम ने स्व. पं. सीताराम शर्मा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों में आगे भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। दिलेश्वर उमरे ने भी पौधरोपण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में पूनाराम देशमुख, सुरेश क्षत्रिय, शिवकुमार देशमुख, रजऊ डहरे, अजय, भेष, टिंकू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

रोशनी और फूलों से सजा मंदिर प्रांगण, 1000 से 1100 अखंड मनोकामना ज्योत होंगे पज्जवलित

भिलाई। श्री गुजराती समाज, भिलाई द्वारा मां वैष्णवी देवी के पावन पर्व पर सड़क-3, सेक्टर-4 स्थित मंदिर परिसर में भव्य सर्वकल्याण नवरात्रि महोत्सव का आयोजन 11 से 20 अक्टूबर तक भक्तिभाव और उत्साह के साथ किया जाएगा। महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर और चाचर चौक को रंग-बिरंगी रोशनी तथा फूल-मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं, ज्योत कक्ष में घी एवं तेल की लगभग 1000 से 1100 अखंड मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गई है। महोत्सव को लेकर समाजजनों और क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

महोत्सव का शुभारंभ रविवार, 11 अक्टूबर को होगा। इस दिन सुबह 9 से 11 बजे तक मूर्ति पूजन एवं घट स्थापना की जाएगी। इसके बाद सुबह 11:30 बजे



अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन-पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करेंगे।

महाअष्टमी पर हवन, कन्या पूजन और महाप्रसाद

रविवार, 18 अक्टूबर को महाअष्टमी पूजन के अवसर पर सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक देव पूजन एवं देवी पूजन होगा। दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक हवन का प्रथम चरण आयोजित किया जाएगा। शाम 4:30 से 5 बजे तक पूर्णाहुति होगी। इसके पश्चात शाम 5 से 6 बजे तक कन्या पूजन, महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

20 अक्टूबर को ज्योति विसर्जन

मंगलवार, 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे ज्योति विसर्जन के साथ महोत्सव के धार्मिक कार्यक्रमों का समापन होगा। श्री गुजराती समाज, भिलाई ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां वैष्णवी देवी के दर्शन-पूजन करने, अखंड ज्योत के दर्शन करने तथा महोत्सव में सहभागी बनकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

कार्नर न्यूज

प्रधानमंत्री के जीवन की विशेष घटनाओं को किया जीवंत

सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रसंगों ने दर्शकों को किया प्रेरित, कला मंदिर में सजी लाइट एंड साउंड प्रस्तुति

भिलाई। रोशनी, संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को कला मंदिर के मंच पर जीवंत किया गया। सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित नमो सेवा गाथा कार्यक्रम में कलाकारों ने सेवा, समर्पण, राष्ट्र की सुरक्षा और विकसित भारत के संकल्प को प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया। करीब एक घंटे तक चली इस लाइट एंड साउंड प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से गुरतुर लोक सेवा संस्थान द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम में गुजरात भूकंप के दौरान राहत कार्य, कोविड काल में सहायता, आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई, नक्सल उन्मूलन, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे प्रसंगों को मंच पर उतारा गया। कलाकारों के अभिनय, बदलती रोशनी और संगीत के तालमेल ने इन घटनाओं को प्रभावी दृश्य रूप दिया। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को भी प्रस्तुति का हिस्सा बनाया गया।

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से गुरतुर लोक सेवा संस्थान द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी के सेवाकाल से जुड़े विभिन्न पड़ावों को कला और नृत्य के



माध्यम से मंच पर उतारा गया। गुजरात भूकंप के दौरान सहायता, कोविड काल में राहत के प्रयास, आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई, नक्सल उन्मूलन, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे प्रमुख विषयों को प्रस्तुति में शामिल किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को भी प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

देश के विकास में सहभागिता का दिया संदेश

मंच पर बदलते प्रकाश, संगीत और कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय ने इन प्रसंगों को आकर्षक स्वरूप दिया। प्रस्तुति में आपदा के समय सहायता और संवेदनशीलता से लेकर राष्ट्र की सुरक्षा तथा विकसित भारत के निर्माण तक की यात्रा को पिरोया गया। सेवा की भावना को केंद्र में रखकर प्रस्तुत इस गाथा ने दर्शकों को जनसेवा और देश के विकास में सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक की भी आकर्षक प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए नमो सेवा गाथा को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, वरिष्ठ नागरिक सुरेन्द्र कौशिक और पुरुषोत्तम देवांगन सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

एनसीसी कैडेटों ने निकाली जागरूकता रैली, दिया स्वच्छता का संदेश



दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में विश्व पर्यावास दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रकोष्ठ और 1 छत्तीसगढ़ आर एंड वी रेजिमेंट एनसीसी, अंजोरा के संयुक्त तत्वावधान में पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छ परिवेश, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावास बनाए रखने के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों ने पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी तथा सुरक्षित और सतत परिवेश के महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बीएन तिवारी के संस्थागत सहयोग और कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। एनसीसी प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. आस्था चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

सिटी लाइव

नाना पाटेकर के निधन पर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ और आर्टकॉम ने जताया शोक



भिलाई। भारतीय सिनेमा में अपने दमदार अभिनय और अलग पहचान के लिए प्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर के निधन संबंधी खबर को लेकर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ और आर्टकॉम की ओर से श्रद्धांजलि संदेश जारी किया गया है। संदेश में उनके अभिनय, देशप्रेम और सामाजिक विचारों का उल्लेख करते हुए भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को याद किया गया है। श्रद्धांजलि संदेश में कहा गया कि नाना पाटेकर ने अपने अभिनय से दर्शकों के बीच विशिष्ट स्थान बनाया। उनकी फिल्मों में सामाजिक सरोकार, राष्ट्रहित और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े विषय दिखाई देते रहे हैं। संदेश में नाना पाटेकर की प्रहार, परिंदा, तिरंगा, क्रांतिवीर, राजनीति और खामोशीः द म्यूजिकल जैसी फिल्मों में उनके अभिनय का उल्लेख किया गया। वहीं, वेलकम जैसी फिल्म में उनकी कॉमेडी टाइमिंग को भी याद किया गया। संदेश में कहा गया कि नाना पाटेकर ने अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाकर अपनी अभिनय क्षमता का परिचय दिया। उनके अभिनय ने दर्शकों को मनोरंजन के साथ सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर सोचने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर नंदा पाण्डेय, प्रीति निशु पाण्डेय, उषा विश्वकर्मा, पल्लवी विश्वकर्मा, डॉ. मोहिनी साहू, शारदा गुप्ता, बी.एस. सहगल, बृजमोहन उपाध्याय, गुरनाम सिंह शिवाजी, गोविंद गुप्ता आदि शामिल थे।

समाज इवेंट

नवाचार को मिला मंच, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 पर कार्यशाला



दुर्ग। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 के लिए जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आई.सी.ए.आई. भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित हुई। कार्यशाला में जिले के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी और प्राध्यापक, नवान्वेषक, एमएसएमई इकाइयों के प्रतिनिधि तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट मिलाकर लगभग 160 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेन्ज के पात्रता, भागीदारी की प्रक्रिया के बारे के अवगत कराया गया। बताया गया कि इस चैलेंज में विद्यार्थी, व्यक्तिगत नवान्वेषक, शोधार्थी, स्टार्टअप, एमएसएमई और संस्थाएं भाग ले सकती हैं। कृषि, कानून व्यवस्था एवं साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, शहरी विकास, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा प्रौद्योगिकी, ऊर्जा-पर्यावरण एवं जलवायु, अधोसंरचना एवं परिवहन, उभरती तकनीक तथा शिक्षा एवं रोज़गार, इन दस क्षेत्रों में विचार आमंत्रित हैं। पुरस्कार राशि 5 करोड़ है और प्रत्येक विजेता को 10 लाख दिए जाएंगे। आवेदन निःशुल्क किए जा सकते हैं। जिसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2026 है। कार्यशाला से पहले जिले के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों ने अपने-अपने संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रुचि रखने वाले विद्यार्थियों की पहचान की थी।

कार्यशाला में इन विद्यार्थियों को चैलेंज में भाग लेने की प्रेरणा मिली और यह मार्गदर्शन भी मिला कि अपने विचार को इन्क्यूबेशन के जरिये कैसे आगे बढ़ाया जाए।इसी क्रम में बीआईटी, श्री शंकराचार्य और रूंगटा के इनक्यूबेशन सेंटर ने अपने कार्य और सुविधाओं की जानकारी दी। एरोन फाउंड्री फिल्म्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के विश्वास राज और पर काम कर रहे 16 वर्षीय प्रतीक ताम्रकार ने अपनी स्टार्टअप जर्नी साझा की। कार्यशाला स्थल पर स्टार्टअप ने स्टॉल लगाए, जिनमें हैकशेड के मोहित सोनी, योगवाला के प्रद्युम्न यादव और आयुर्वेद एसेंशियल के रवि तिवारी शामिल हैं। प्रतिभागियों ने स्टॉल पर उत्पाद देखे और संस्थापकों से बातचीत की।

● अग्रवाल समाज के लोगों ने अग्र ध्वज लेकर किया नगर भ्रमण, एएसपी शोभराम अग्रवाल हुए शामिल

महाराज अग्रसेन के जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा, 18 गोत्रों के प्रतीक चिन्ह, घोड़े, बग्घियां और झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

दुर्ग। अग्रवाल समाज द्वारा अग्र कुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन की जयंती के शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान समाज की महिलाएं लाल रंग की साड़ी और पुरुष सफेद रंग के पजामा-कुर्ता में अग्र ध्वज लिए नजर आए। इस दौरान समाज के 18 गोत्रों के प्रतीक आकर्षण का केंद्र रहे। घोड़े, बग्घियों और झांकियों से सुसज्जीत इस शोभायात्रा ने शहर के सभी प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया, इस दौरान दीगर समाज ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया एवं महासचिव प्रहलाद रूंगटा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित शोभराज अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अग्र ध्वज दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। मुख्य अतिथि को अग्रवाल समाज द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया। समाज के संरक्षक कैलाश रुंगटा एवं गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि यह शोभायात्रा हमारी परंपरा संस्कृति और एकता के संगम को प्रदर्शित कर रही थी। शोभा यात्रा में समाज के पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता-पजामा एवं महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहने हुए थी समाज के लिए यह गौरव का प्रतीक एवं ऐतिहासिक क्षण रहा। शोभा यात्रा के मार्ग में अग्रसेन चौक में स्थित अग्रसेन जी की मूर्ति की भी पूजा अर्चना की गई। पूर्व विधायक अरुण वोरा भी शामिल हुए।



इस बार आयोजन की जिम्मेदारी युवा टोली ने संभाली, समाज करेगा सम्मानित

इस बार शोभायात्रा की सभी प्रमुख जिम्मेदारी युवा टोली ने संभाली। शोभा यात्रा प्रभारी यूथ क्लब अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं युवा अध्यक्ष अमूल बंसल ने बताया कि शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, इंदिरा मार्केट होते हुए गंजपारा में रुंगटा निवास में समापन हुआ। शोभा यात्रा में चलते हुए सुसज्जित घोड़े एवं बग्घी में अग्रसेन की आकर्षक झांकी,बैंड बाजा, अग्रवाल समाज के 18 गोत्रों के प्रतीक चिन्ह लेकर चलते हुए बच्चे शोभा यात्रा की भव्यता को प्रदर्शित कर रहे थे। यात्रा के मार्ग में समाज के सदस्यों द्वारा अनेक जगह स्वल्पाहार, जलपान की व्यवस्था की गई। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर थोड़े समय के लिए शोभायात्रा को विश्राम दिया। गुजराती समाज, सिख समाज, ब्राह्मण समाज, साहू समाज, कूर्मि समाज, सिंधी समाज, देवांगन समाज, जैन समाज सहित अन्य राजनीतिक व्यक्तियों ने अग्रवाल समाज के लोगों को अग्रसेन जयंती की बधाई भी दी।





पर्यावरण संरक्षण का रखा ध्यान, सड़क पर करते रहे सफाई

समाज के मनोज अग्रवाल ने बताया की शोभायात्रा के दौरान पर्यावरण की सुरक्षा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए एक कचरा गाड़ी एवं सफाई कर्मचारी की व्यवस्था भी की गई थी जो यात्रा के दौरान फैलने वाले कचरे को तत्काल उठाकर साफ कर रहे थे। महिला मंडल अध्यक्ष नीलू अग्रवाल एवं सचिव श्वेता सुमित अग्रवाल ने बताया की शोभा यात्रा के पश्चात भवन में तंबोला हाऊजी का आयोजन नरेश ट्रेडिंग के सौजन्य से किया गया था जिसमें टीवी, फ्रिज, ओवन सहित अनेक आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, विजय अग्रवाल, संजय रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, प्रकाश खेतान, रामनिवास मित्तल, नवल अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, बंसीधर पोद्दार, सुनील गोयल, दीपक बंसल, सतीश अग्रवाल, राजेश रुंगटा, शरद गर्ग, विनीत खेतान सहित अन्य मौजूद थे।

ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शतरंज स्पर्धा के लिए चयन

एसएसआईपीएमटी रायपुर राज्य स्तरीय शतरंज में महिला वर्ग में बनीं चैंपियन

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू की राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में एसएसआईपीएमटी रायपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में एसएसआईपीएमटी की महिला टीम ने चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि पुरुष टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग, फार्मेसी और पॉलिटेक्निक संस्थानों की 22 पुरुष और 12 महिला टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में धारिणी साहू, नित्या तिवारी, स्वास्ति शर्मा, स्नेहा अग्रवाल और भूमिका अग्रवाल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में अपनी रणनीति और खेल कौशल का परिचय देते हुए चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। वहीं पुरुष वर्ग में पार्थ गुप्ता, गुंजन देवांगन, मोहित चौधरी, संस्कार शुक्ला और आदर्श दुबे की टीम ने मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। एसएसआईपीएमटी के लिए इस उपलब्धि के साथ एक और गौरवपूर्ण खबर सामने आई। संस्थान के चार खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग से गुंजन देवांगन तथा महिला वर्ग से धारिणी साहू, नित्या तिवारी और स्नेहा अग्रवाल शामिल हैं। यह चयन खिलाड़ियों के प्रदर्शन और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



पढ़ाई के साथ खेलों को भी प्रोत्साहन

एसएसआईपीएमटी रायपुर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेलों को भी प्रोत्साहित करता है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सुविधाएं, अभ्यास के अवसर और अकादमिक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। संस्थान का मानना है कि खेलों से विद्यार्थियों में टीम भावना, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है, जो उनके शैक्षणिक और पेशेवर जीवन में भी उपयोगी साबित होती है। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन निशांत त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. आलोक जैन और क्रीड़ा अधिकारी एम.एम. बेग ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

दयासिंह ने सीएम को दिया आमंत्रण

खुर्सीपार में नवरात्रि पर सजेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल

भिलाई। सार्वजनिक श्री दुर्गा उत्सव समिति, जोन-2 खुर्सीपार की ओर से नवरात्रि पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ी लोकगीत, भजन, लोकसंगीत और पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति के इस आयोजन से खुर्सीपार में नवरात्रि का माहौल भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला, पारंपरिक गीत-संगीत और भक्ति की प्रस्तुतियां लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़ेंगी।



नवरात्र के दौरान लोक कलाकार अपनी छटा बिखेरेंगे। दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि 13 अक्टूबर को बालोद की मिथिलेश्वरी सेन लोकगायिका जसगीत और भजन प्रस्तुत करेंगी। 15 अक्टूबर को भूपेंद्र साहू के निर्देशन में रंग सरोवर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 16 अक्टूबर को आनंद दीपक चंद्राकर के निर्देशन में लोक रंग अर्जुंदा और छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। 17 अक्टूबर को राजनांदगांव की लोकगायिका पूनम विराट तिवारी छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत से समां बांधेंगी। इसके अलावा 31 अक्टूबर को मंदिर परिसर में जस गीत एवं भक्ति कार्यक्रम आयोजित होगा। सभी कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होंगे। समिति ने श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है। इस नवरात्र पर खासबात यह है कि न केवल शहरवासी बल्कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित मंत्री, विधायक, समाजसेवी आदि पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करेंगे और मां दुर्गा की आराधना के साथ लोकसंस्कृति के इस उत्सव को यादगार बनाएंगे।सार्वजनिक श्री दुर्गा उत्सव समिति, जोन-2 खुर्सीपार के अध्यक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह ने नवरात्र पर्व में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव जी, गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, राष्ट्रीय भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज पांडेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक श्रीललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, डीजीपी, आईजी एसएसपी सहित समाज सेवी, गणमान्य दिग्गज हस्तियों को आमंत्रित किया है।

केंद्रीय जेल दुर्ग में मुंशी प्रेमचंद की 90वीं पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

कार्नर न्यूज

साहित्य और कविता के माध्यम से बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास, बंदियों ने भी किया कविता पाठ

दुर्ग। लोककला दर्पण मंच के तत्वावधान में केंद्रीय जेल में साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की 90वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य साहित्य और कविता के माध्यम से जेल में निरुद्ध बंदियों में सकारात्मक सोच, मानवीय मूल्यों तथा सामाजिक चेतना का विकास करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के प्रतिष्ठित कवियों, शायरों एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं, गाजलों, हास्य-व्यंग्य और प्रेरणादायी कविताओं से उपस्थित बंदियों एवं पुलिसकर्मियों का मन मोह लिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से जेल परिसर गूँज उठा। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि बंदियों को भी अपनी भावनाएं और जीवन के अनुभव कविता के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर मिला। बंदी भगतराम एवं हरिश्चंद्र ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवन के अनुभव साझा किए और अपने साथी बंदियों को सकारात्मक संदेश दिया। काव्य गोष्ठी में शहर के प्रसिद्ध शायर नवेद रज़ा दुर्गवी ने प्रभावशाली मंच संचालन करते हुए देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, आपसी सद्भाव और मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत गाजलें प्रस्तुत कीं। उनकी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को प्रभावित किया। हाजी रियाज़ खाँ गौहर ने देशभक्ति से ओतप्रोत शायरी प्रस्तुत कर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की।



मानवीय संबंधों पर आधारित रचनाओं की भी प्रस्तुति

गाजलकार सुशील कुमार यादव ने जीवन के संघर्ष, समय की परिस्थितियों और मानवीय संबंधों पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। डॉ. नौशाद सिद्दीकी ने नशामुक्ति का संदेश देते हुए नशे से दूर रहने तथा जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। कवयित्री श्रीमती सीमा अष्टमी साहू ने माँ के त्याग, प्रेम और ममता पर आधारित भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। वहीं, भिलाई की पार्षद एवं कवयित्री नोमिन साहू ने महिलाओं को जागरूक होने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला जेल की प्रभारी सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती रश्मि चौधरी एवं विधि अधिकारी श्री ईशु देशमुख की विशेष उपस्थिति रही। महिला बंदियों ने भी गीत, कविता, भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक और उल्लासपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ।

साहित्य मनोरंजन ही नहीं, बल्कि विचारों में सकारात्मक परिवर्तन का भी माध्यम



नवेद रज़ा दुर्गवी एवं कवयित्री श्रीमती सीमा अष्टमी साहू के नेतृत्व में बंदियों के बीच साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का यह एक सराहनीय प्रयास रहा। कैलाश जैन बरमेचा, मनमोहन शर्मा एवं गौसेवा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। यह काव्य गोष्ठी इस संदेश के साथ संपन्न हुई कि साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मनुष्य के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन लाने, संवेदनाओं को जागृत करने और समाज को नई दिशा प्रदान करने की सशक्त शक्ति है।

खबर संक्षेप

ओटेबंद में नवरात्रि 100 ज्योति कलश होंगे स्थापित

अण्डा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम ओटेबंद स्थित श्री विष्णु मंदिर में नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से किया गया। मंदिर में मां दुर्गा की आराधना के लिए ज्योति कलश स्थापना की विशेष तैयारी की जा रही है। इस वर्ष मंदिर में लगभग 100 ज्योति कलश स्थापित किए जाने की तैयारी है। पंडित शिवम मिश्रा के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। नवरात्रि के दौरान मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, आरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण रहेगा। नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

बालिका कबड्डी के लिए चयन ट्रायल आज

अंडा। दुर्ग जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर (बालिका) कबड्डी चैंपियनशिप 2026 के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 11 अक्टूबर को ग्राम तिरगा में पंचशील क्लब द्वारा किया जाएगा। पंजीकरण का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खिलाड़ियों की जन्मतिथि 4 नवंबर 2006 या उसके बाद की होनी चाहिए तथा अधिकतम वजन 65 किलोग्राम निर्धारित है। दुर्ग, पाटन एवं धमधा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों सहित दुर्ग नगर की पात्र खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकती हैं। पंजीकरण शुल्क 100 रुपये प्रति टीम तय किया गया है। भाग लेने वाली खिलाड़ियों को डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, बोर्ड की अंकसूची, बायोमेट्रिक अपडेटेड आधार कार्ड की मूल प्रति व छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिए नवीन देशमुख एवं पीलू पारकर से संपर्क किया जा सकता है।

निधन

शशि कुमार उजवने



भिलाई। एमआईजी 1/392 हुडको भिलाई निवासी शशि कुमार उजवने (59) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शिवनाथ नदी तट पर किया गया। वे नीलमणि उजवने के पति व सुयश उजवने के पिता थे। रवि के छोटे भाई थे।

खुशाल जनबंधु



भिलाई। प्लॉट नंबर 18 बाबा दीप सिंह नगर जवाहर नगर निवासी खुशाल जनबंधु (90 वर्ष) का 9 अक्टूबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे चंद्रशेखर, महेंद्र व नरेंद्र जनबंधु के पिता थे।

संतोष कुमार संचेती



दुर्ग। संतोष कुमार संचेती पिता धेवर चंद संचेती उम्र 68 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निवास स्थान 9/4 ऋषभ नगर फेस 2 से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिए निकली गई। वे महेश व सुरेश के बड़े भाई थे।

रंगोली और नुक्कड़ नाटक से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

'स्वच्छता की जिम्मेदारी' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई



शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय, जामगांव आर में 'सेवा के रंग' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, कार्यकाल और विभिन्न प्रयासों को रचनात्मक माध्यमों से प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर आकर्षक रंगोली, विषय-आधारित पोस्टर प्रतियोगिता और 'नमो नुक्कड़' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम' रहा। विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से 'विकसित भारत @ 2047', सौर ऊर्जा, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, यूपीआई और आवास योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों को उकेरा। रंगोली में प्राकृतिक हरी पत्तियों और फूलों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

'स्वच्छता की जिम्मेदारी' विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के कम उपयोग और स्वच्छ समाज के निर्माण पर विचार व्यक्त किए। इसके अलावा 'नमो नुक्कड़' और पोस्टर के माध्यम से नशामुक्ति, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा घरेलू हिंसा की रोकथाम जैसे सामाजिक मुद्दों को उठाया गया। नाटक के माध्यम से ग्रामीण जीवन में यूपीआई (UPI) के बढ़ते उपयोग को भी दर्शाया गया।

प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी चेतना सोनी ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

दावों में मजबूत शिक्षा, जमीन पर शिक्षकों का टोटा

खाड़ा के 68 बच्चों का भविष्य सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



सरकार भले ही सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों का भविष्य संवारने के दावे करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। कहीं स्कूलों में बच्चों की संख्या के मुकाबले शिक्षक कम हैं, तो कहीं पूरी व्यवस्था गिनती के शिक्षकों के भरोसे चल रही है। विकासखंड दुर्ग के शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ा में भी कुछ ऐसी ही स्थिति सामने आई है, जहां 68 बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी महज एक शिक्षक के कंधों पर है। वहीं राजनीतिक रसूख के दम पर कई शिक्षक शहरों में वर्षों से जमे हुए हैं, कई शिक्षक संकुल समन्वयक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, तो कई शिक्षक नेताओं और मंत्रियों के पीए की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अपने वातानुकूलित (एसी) कमरों से निकलने की फुर्सत ही नहीं है।

स्कूल में बच्चों की पढ़ाई से लेकर शैक्षणिक गतिविधियों तक की जिम्मेदारी एक ही शिक्षक के भरोसे होने से शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। प्राथमिक स्तर पर बच्चों की बुनियाद मजबूत करने के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन और नियमित शिक्षण जरूरी है, लेकिन जब एक ही शिक्षक को 68 बच्चों को संभालना पड़े, तो हर बच्चे पर पर्याप्त ध्यान देना बड़ी चुनौती बन जाता है।

शिकायतें पहुंचीं, लेकिन व्यवस्था में सुधार का इंतजार

ग्रामीण एवं शाला विकास व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मूलचंद देशमुख के मुताबिक, स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सोमवार को अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शाला में तालाबंदी की तैयारी की जाएगी।

भोजन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी जरूरी

सरकारी स्कूलों में बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है, लेकिन स्कूलों की जिम्मेदारी सिर्फ भोजन तक सीमित नहीं है। स्कूल की स्थिति देखकर लगता है कि यहां सिर्फ भोजन की गारंटी है, शिक्षा की नहीं। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिले में ही व्यवस्था का यह हाल है।

एक शिक्षक के भरोसे 68 बच्चों का भविष्य

खाड़ा के सरकारी प्राथमिक स्कूल की स्थिति शिक्षा व्यवस्था के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा करती है कि आखिर 68 बच्चों की पढ़ाई का पूरा भार एक शिक्षक पर डालकर उनके भविष्य को कैसे संवारा जा सकता है? अब ग्रामीणों को शिक्षा विभाग से उम्मीद है कि स्कूल में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था कर पढ़ाई पटरी पर लाई जाएगी।

यह कहना है जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का

- ग्राम पंचायत सरपंच खाड़ा नंद कुमार साहू ने कहा : समय रहते शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए।
- जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने कहा : ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का बुरा हाल है। बच्चे हैं तो शिक्षक नहीं हैं। सुशासन सरकार में अधिकारियों को नींद से जागना चाहिए।
- जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग जगजीत धीर ने कहा : शिक्षकों की नई भर्ती होने पर ही स्कूल व्यवस्था में सुधार हो सकेगा।

एग्रीस्टेक नियमों में बदलाव से किसान परेशान



सेलूद। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के लिए 'एग्रीस्टेक पंजीयन' के नियमों को लेकर विष्णुदेव साय सरकार द्वारा लिया गया यू-टर्न पूरी तरह से अदूरदर्शिता और प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है। यह बात जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि बीते मई महीने से किसान इस जटिल प्रक्रिया के कारण लगातार परेशान हो रहे थे। पहले संयुक्त खातेदारों की अनिवार्यता जैसी कठिन शर्तें थोपकर किसानों को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया गया। अब जब अधिकांश किसान परेशानी झेलकर किसी तरह अपना पंजीयन करा चुके हैं, तब सरकार ने यह अनिवार्यता खत्म कर केवल लंबरदार का पंजीयन मान्य करने का आदेश जारी किया है। यह संशोधन राहत देने वाला नहीं, बल्कि किसानों के साथ एक छलावा है। जब अंत में यही प्रक्रिया अपनानी थी, तो महीनों तक किसानों को कागजी कार्रवाई और दफ्तरों के चक्कर कटवाकर उनके समय और धन की बर्बादी क्यों की गई? सरकार और आपदा एवं राजस्व प्रबंधन विभाग को इस अदूरदर्शिता और गलत नियम थोपने के लिए अन्नदाताओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

रंगोली में स्टूडेंट्स ने दिखाया विकसित भारत का संकल्प, राष्ट्रीय सेवा योजना की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोरी



शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं सेवा संकल्प अभियान के

- रंगोली के माध्यम से राष्ट्र के प्रति जताया आभार

अंतर्गत "घर-घर से राष्ट्र तक आभार और संकल्प की रंगोली" कार्यक्रम का आयोजन बोरी तहसील कार्यालय में किया गया। यह कार्यक्रम हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सेवा संकल्प निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रंगोली के माध्यम से भारतीय संस्कृति, समृद्ध परंपराओं, राष्ट्रीय भावना, जनभागीदारी तथा विकसित भारत @2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति आभार, सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत तथा विकसित भारत के संकल्प को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। यह सफल आयोजन प्राचार्य डॉ. कमर तलत के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संगीता देवी शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रभारी भागवत द्वारा किया गया।

प्रियदर्शनी परिसर में छह दुकानों चालानी कार्रवाई

भिलाई। शहर में स्वच्छता बनाए रखने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए को जोन-1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-6, प्रियदर्शनी परिसर में विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं फल ठेलों की जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों से कुल 3,150 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। जांच के दौरान फल ठेलों एवं प्रतिष्ठानों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, डस्टबिन की अनुपलब्धता तथा अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। कार्रवाई सोनू चौहान फल ठेला सिंगल यूज प्लास्टिक पर 50 रुपये, किशन फल ठेला सिंगल यूज प्लास्टिक पर 100 रुपये, रॉयल राजस्थानी भोजनालय डस्टबिन नहीं होने पर 200 रुपये, रॉयल राजस्थानी भोजनालय सिंगल यूज प्लास्टिक पर 800 रुपये, बुरहानपुर वाले खोवा जलेबी सिंगल यूज प्लास्टिक पर 500 रुपये, बुरहानपुर वाले खोवा जलेबी अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर 1,500 रुपये, इस प्रकार कुल 3,150 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।

स्वस्थ व मस्त जीवन की कला सिखाता है योग : साहू



जामगांव आर। उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति ने जनहित में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक जामगांव आर के मैदान में किया। उद्घाटन मोटिवेटर एवं शिक्षाविद सीएल साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन में योग साधक बेनीराम साहू, वाईके साहू, समिति अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, उपाध्यक्ष ढालसिंह साहू और सचिव संतोष साहू ने सहभागिता की। प्रथम दिवस के शिविर का शुभारंभ वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। शिविर में जामगांव आर साहू समाज, परिक्षेत्र अध्यक्ष पारखत साहू, पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू आदि उपस्थित रहे।

अंचल की खबरें

डिग्री के साथ कार्यस्थल पर मिलेगा सीधा अनुभव



जामुल। डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के अवसरों से अवगत कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम–एनएटीएस) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर.एस. सिंह के सफल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के लायजन ऑफिसर सोनू उइके द्वारा एनएटीएस योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को योजना के प्रमुख लाभों से अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार, स्नातक विद्यार्थियों को न्यूनतम 12,300 प्रतिमाह तथा डिप्लोमा धारकों को न्यूनतम 10,900 प्रतिमाह स्टाइपेंड प्राप्त होता है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात भारत सरकार द्वारा अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है, जो विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता एवं कार्य-अनुभव को मजबूत करने में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एनएटीएस में पंजीयन एवं प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए पात्र विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएमए डॉ. शशि कश्यप एवं धन्यवाद ज्ञापन रचना चौधरी द्वारा किया गया।

बच्चों ने अपनी पुरानी पुस्तकें व दान किए कपड़े



अंडा। श्री हरि पब्लिक स्कूल खप्परवाडा ओटेबंद में विद्यार्थियों ने सेवा, संवेदना और सामाजिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसमें बालवाटिका के विद्यार्थियों ने अपनी उपयोगी पुरानी पुस्तकें एवं वस्त्र एकत्र किए और उन्हें स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ साझा किया। यह गतिविधि बच्चों के लिए केवल वस्तुएं देने का माध्यम नहीं थी, बल्कि साझा करने की खुशी, दूसरों के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग और सामुदायिक जुड़ाव को अनुभव करने का अवसर थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या संयोगिता सक्सेना ने कहा, हमारे बच्चे केवल अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार मनुष्य भी बनें।

अंजोरा में कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन



अंडा। दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में अंजोरा (ख) में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय लोकतंत्र के लिए इसे 'काला दिवस' करार देते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाथों में काली पट्टी बाँधकर अंजोरा बाजार चौक से जीई रोड तक नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इसके बाद बाजार चौक पर जनसभा का आयोजन कर कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। हाथों में काली पट्टी बाँधकर किए गए इस प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर अपना कड़ा विरोध जताया। सभा में उपस्थित नेताओं ने अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।विरोध प्रदर्शन में अंजोरा मंडल अध्यक्ष देवराज चतुर्वेदी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रिवेंद्र यादव, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, ब्लॉक सचिव धनेश देशमुख, हेमंत देशमुख आदि शामिल थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130







न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में

मामला क्रमांक: 202609101000114
विषयः- ब-121 सनः- 2025-2026
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सुपेला प.ह.न. 00047 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार मुक्तार सिंह, अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक - मुक्तार सिंह पिता/पति/विभाग-स्व. स्वर्ण सिंह पता-सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग परमजीत कौर / मुक्तार सिंह का मृत्यु दिनांक 13.05.2019 को संजय नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है 102 प्रकरण ब-121 में दर्ज हो 103 ईश्तहार का प्रकाशन हो 04 आवेदक आहूता हो।

अतः जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को इस संबंध में आपत्ति एवं दावा उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 12/10/2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/09/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

DIKESHWAR SAHU
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

NAME CHANGE

AFFIDAVIT

I, **BADSHAH KHAN** (old name, which is to be changed) Son of **ALI JAFAR KHAN**, resident of Plot No. 7/ I, Heavy Industrial Area, Hathkhoj, I E Bhilai, Dist. Durg (C.G.) 490026 do hereby solemnly affirm and declared as under:

1. That I am a permanent resident of **Plot No. 7/ I, Heavy Industrial Area, Hathkhoj, I E Bhilai, Dist. Durg (C.G.) 490026.**
2. That my old name is BADSHAH KHAN and I want to change my name to **IMAM HAIDER**(new name).
3. That neither any court case in any court nor is any bank loan is pending against my old name.
4. That I will be solely responsible myself for any illegal activity, if any, is carried out by me after changing my name.
5. That I am signing this affidavit while being in full senses and presenting it before the competent authority.

IMAM HAIDER
Deponent



अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...

समाज सुधार और समानता के महान दूत

महाराजा अग्रसेन

अग्रसेन महाराज भारतीय इतिहास के उन महान व्यक्तित्वों में गिने जाते हैं जिन्होंने समाज को एकता, सहयोग और सेवा का अद्वितीय संदेश दिया। उनका जीवन परोपकार, सद्भाव और समानता की मिसाल है। महाराज अग्रसेन ने अग्रोहा नगरी की स्थापना की, जहाँ हर आने वाले व्यक्ति को घर और रोजगार उपलब्ध कराया जाता था। उन्होंने एक ईंट और एक रुपया की अनूठी परंपरा शुरू की, जिससे समाज में बंधुत्व और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। अग्रसेन महाराज को वैश्य समाज का आदिपुरुष माना जाता है, लेकिन उनका संदेश संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने हमेशा सत्य, अहिंसा और समानता को जीवन का मूल मंत्र माना। उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों को याद करते हुए समाजसेवा और लोककल्याण का संकल्प लेते हैं। आज भी अग्रसेन महाराज के सिद्धांत सामूहिक सहयोग, न्याय और सामाजिक उत्थान की राह दिखाते हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि समाज की शक्ति एकता और परस्पर सहयोग में ही निहित है।

अग्रसेन महाराज जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराएँ। उनकी शिक्षाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी प्राचीन काल में थीं। यही कारण है कि वे केवल एक राजा ही नहीं, बल्कि युगपुरुष और समाज सुधारक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे।



महाराजा अग्रसेन का जन्म लगभग 5,000 वर्ष पूर्व महाभारत काल में हुआ माना जाता है। वे सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के राजा वल्लभ सेन के पुत्र थे। बचपन से ही उनमें न्यायप्रियता, करुणा और समाज सेवा की भावना थी। बड़े होकर उन्होंने मात्र राजपाट ही नहीं संभाला, बल्कि समाज में समानता और आर्थिक न्याय की नींव भी रखी।

समाजवाद और दान की अद्भुत परंपरा

महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट और एक रुपया की परंपरा की शुरुआत की। इसका उद्देश्य था कि समाज का कोई भी व्यक्ति नया व्यवसाय शुरू करना चाहे तो उसे हर परिवार से सहयोग मिले। इस अनूठी परंपरा ने समाज में भाईचारे, सहयोग और आर्थिक आत्मनिर्भरता की भावना को जन्म दिया। यही कारण है कि आज भी अग्रवाल समाज को व्यापार और उद्योग जगत में अग्रणी माना जाता है।

अहिंसा और सद्भाव के पुजारी

महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवनकाल में अहिंसा और शांति के मार्ग को अपनाया। उन्होंने युद्धों से दूर रहकर समाज और राज्य को सहयोग, दान और उदारता की भावना से समृद्ध किया। उनका यह दृष्टिकोण आधुनिक लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की नींव के समान है। आज जब समाज में असमानता, बेरोजगारी और आपसी मतभेद बढ़ते जा रहे हैं, तब महाराजा अग्रसेन की विचारधारा और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। उनका संदेश हमें सिखाता है कि समाज की उन्नति केवल सहयोग, भाईचारे और न्याय से ही संभव है। महाराजा अग्रसेन न केवल एक शासक थे, बल्कि समाज सुधारक, दूरदृष्टा और लोककल्याणकारी विचारों के महान प्रतीक भी थे। उनकी जयंती हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में समानता, एकता और उदारता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।















आस्था और उपासना के महापर्व
नवरात्रि
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
Pritpal Singh
Mob. 098930-33411
BF
Jagjit Singh
Mob.: 9893430345
BHARAT FABRICATORS
STRUCTURAL FABRICATIONS & MANUFACTURERS OF MACHINERY SPARES
Works : 2, Industrial Estate, Durg (C.G.)
E-mail ID : Pritpal1087@rediffmail.com

नवरात्रि की प्रथम देवी
माँ शैलपुत्री

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।



नवरात्रि का पावन पर्व मां दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों की उपासना का अवसर है। इस पर्व के पहले दिन नवदुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। उन्हें प्रकृति, शक्ति, पवित्रता और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि मां शैलपुत्री की आराधना से साधक को आत्मबल, धैर्य, मानसिक शांति और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। नवरात्रि की साधना का शुभारंभ इन्हीं की पूजा से होता है, जो पूरे पर्व के आध्यात्मिक महत्व को विशेष बनाता है।

हिमालय की पुत्री हैं मां शैलपुत्री

मां शैलपुत्री का नाम दो शब्दों से मिलकर बना है–'शैल' अर्थात पर्वत और 'पुत्री' अर्थात बेटी। पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण उन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां शैलपुत्री पूर्वजन्म में राजा दक्ष की पुत्री सती थीं। भगवान शिव से विवाह के बाद उन्होंने अपने पिता के यज्ञ में शिवजी का अपमान सहन न कर पाने के कारण योगाग्नि में अपने शरीर का त्याग कर दिया। अगले जन्म में उन्होंने हिमालय के घर पुत्री के रूप में जन्म लिया और शैलपुत्री कहलाईं। मां पार्वती और हेमवती उनके अन्य प्रचलित नाम हैं। उनका विवाह भगवान शिव से हुआ और वे शक्ति तथा शिव के दिव्य मिलन का प्रतीक बनीं।

दिव्य और तेजस्वी है मां का स्वरूप

मां शैलपुत्री का स्वरूप अत्यंत शांत, सौम्य और तेजस्वी माना जाता है। उनके मस्तक पर अर्धचंद्र सुशोभित है। वे अपने दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल धारण करती हैं। उनका वाहन वृषभ यानी बैल है, इसलिए उन्हें वृषारूढ़ा भी कहा जाता है। मां के हाथों में सुशोभित त्रिशूल शक्ति और साहस का प्रतीक है, जबकि कमल पवित्रता, शांति और आध्यात्मिक जागरण का संदेश देता है। वृषभ को धैर्य, परिश्रम और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। मां का यह स्वरूप भक्तों को सिखाता है कि जीवन में शक्ति के साथ विनम्रता और दृढ़ता के साथ शांति भी आवश्यक है।

नवरात्रि के पहले दिन होती है विशेष पूजा

नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा से ही देवी आराधना का क्रम शुरू होता है। इस दिन श्रद्धालु प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करते हैं और पूजा स्थल पर मां की प्रतिमा या चित्र स्थापित कर विधि-विधान से पूजा करते हैं। भक्त इस दिन मां के मंत्रों का जाप करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति तथा मंगल की कामना करते हैं। मां शैलपुत्री की आराधना के साथ नवरात्रि व्रत और साधना का संकल्प लिया जाता है।

साधना, योग और आत्मबल की देवी

मां शैलपुत्री को साधना और योग के मार्ग में स्थिरता प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। आध्यात्मिक परंपरा में उनका संबंध मूलाधार चक्र से जोड़ा जाता है, जिसे शरीर की ऊर्जा और स्थिरता का आधार माना जाता है। मां शैलपुत्री का स्वरूप यह संदेश देता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत मजबूत आधार से होनी चाहिए। जिस प्रकार पर्वत अपनी दृढ़ता के लिए जाना जाता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहना चाहिए।

॥ प्रज्ञा शील करुणा ॥
भगवान गौतम बुद्ध की असीम अनुकंपा से
हमारी प्रतिष्ठित संस्था का
नूतन साज-सज्जा एवं पुनः उद्घाटन समारोह
खापर्डे कैलेंडर
PRINTING | STATIONERY | GIFTING | DESIGNING
प्रिंटिंग
स्टेशनरी
कॉर्पोरेट गिफ्टिंग
डिजाइनिंग
दिनांक 11 अक्टूबर 2026 (रविवार)
समय दोपहर 2 बजे से स्नेह भोज
स्थान चौहान स्टेट, सुपेला, भिलाई
आपकी उपस्थिति इस शुभ अवसर को और भी विशेष बना देगी।

New नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं...
RASM Rooftop Restaurant
HOTEL SHIV PRABHA INN
HOTEL APANA KESHARI LODGE
TOWN KING
The Family Restaurant & Banquet
Ranjan Gupta
Director
शादी पार्टी के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
SPECIAL OFFER FOR : BANQUET HALL BOOKING
KITTY PARTY, BIRTHDAY, MARRIAGE
ENGAGEMENT, MEETING, ETC.
47-C, MARKET, NEAR SAPNA TALKIES,
NANDINI ROAD, POWER HOUSE, BHILAI-DURG,
MOB. : 9893215251, 8966981590

Happy Navratri
AROMA
FLOWER BOUTIQUE
Corporate Organizer
300 CITIES
Home Delivery
आशीष निमजे
99071-66616
93290-22107
Bhilai: 29/9, Nehru Nagar (W) KPS Main Road, Ward-4, Bhilai, Mob.: 93290-22107
Durg: Indira Market, Durg, Mob.: 9907166616, 9827116482
Email: info@aromaflowerboutique.com
Website: www.aromaflowerboutique.com

16 वर्षों से आपकी सेवा में
श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
• मकान-संतान योग
• दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
• कालसर्प दोष निवारण
• प्रेम विवाह, मोहनी
• मांगलिक दोष निवारण
ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा
समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों, समाधान हमेशा संभव है...
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री
मनमोहनी स्पेशलिष्ट
खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
क्यों चुनें हमें ?
• 16 वर्षों का अनुभव
• सटीक एवं सरल समाधान
• गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
• व्यक्तिगत मार्गदर्शन
• श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा
ऑफिस आने पर मात्र ₹101
फोन से परामर्श मात्र ₹251
PAYMENT QR CODE
हमारी प्रमुख सेवाएं
जन्म कुंडली विश्लेषण
संतान योग
वैवाहिक जीवन
वास्तु शास्त्र
करियर एवं व्यवसाय
हस्तरेखा विज्ञान
धन एवं समृद्धि
प्रश्न कुंडली
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 747 067 4060
पोलसाय पारा चौक, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567
नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

